नोएडा मेट्रो कार्ड की बिक्री में गिरावट

नई दिल्ली, (भाषा) । नोएडा मेट्रो का संचालन शुरू हुए करीब चार महीने का वक्त बीत चुका है और उसके मेट्रो कार्ड की बिक्री में लगातार गिरावट आती जा रही है। इसका मुख्य कारण अधिक किराया तथा निर्बाध संपर्क का अभाव है।

अधिक किराया और निर्बाध संपर्क की कमी है गिरावट का मुख्य कारण

नोएडा मेट्रो डेटा के मुताबिक एक से 20 मई के बीच 2,041 ऐसे यात्री कार्ड जारी किए गए जबकि इसी साल मार्च में 5,064 और अप्रैल में 3,686 कार्ड जारी किए गए थे। इसके पहले फरवरी में 5,220 कार्ड जारी किए गए थे और संचालन शुरू होने के करीब छह दिन के भीतर 26 से 31 जनवरी के बीच 3,363 कार्ड जारी हुए थे। नोएडा मेट्रो कार्ड रिचार्ज के लिए 1.8 प्रतिशत या 12 रुपये का शुल्क लेता है। एक वरिष्ठ नागरिक अजय चतुर्वेदी ने कहा कि टॉप अप के लिए 1.8 प्रतिशत का शुल्क लेना गलत है, साथ ही नोएडा मेट्रो का किराया भी ज्यादा है।

रोजाना सफर करने वाले एक अन्य यात्री आकाश सिंह ने कहा कि नोएडा मेट्रो एवं दिल्ली मेट्रो के बीच निर्बाध संपर्क न होने के कारण भी यात्री नहीं बढ़ रहे हैं।

वर्तमान में यात्रियों को नोएडा मेट्रो के सेक्टर 51 स्टेशन से बाहर निकलना होता है और ब्लू लाइन लेने के लिए एक निर्माणाधीन सड़क पर करीब 300 मीटर चल कर सेक्टर 52 स्टेशन पर जाना होता है। वहीं महिलाएं इस रास्ते को अपने लिए असुरक्षित बताती हैं और रात में यहां से गुजरने से परहेज करती हैं।